कार्यालय प्राचार्य किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़

छात्रवृत्ति के संबंध में आवश्यक सूचना सत्र 2022–23
(अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग)

दिनांक 09.09.2022

इस महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में अध्ययनरत **अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों** को सूचित किया जाता है कि वे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु राज्य शासन द्वारा जारी नया पोर्टल **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in** पर अपने आवेदन ऑनलाइन कर दस्तावेज निम्नानुसार तिथियों में महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जावेंगे, जिसकी जवाबदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी।

टीप :– किसी भी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में ही आय प्रमाणपत्र पोर्टल पर अपलोड होगा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष/अंतिम वर्ष में अपलोड करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, आवेदक को 10 रू. के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित फार्मेट में नोटरी द्वारा शपथपत्र देना अनिवार्य होगा।

आवेदन जमा करने का स्थान/अंतिम तिथियाँ (समय 11 बजे से 02 बजे तक)

रसायनशास्त्र विभाग – श्री एल.के. सिदार, प्रयोगशाला तकनीशियन

1. दिनांक 15.09.2022 एवं 19.09.2022 बी.ए. प्रथम वर्ष की कक्षाएं
2. दिनांक 20.09.2022 एवं 26.09.2022 बी.ए. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाएं

भौतिकशास्त्र विभाग – श्री डी.एस. चन्द्रा, प्रयोगशाला तकनीशियन

1. दिनांक 15.09.2022 एवं 19.09.2022 बी.सी.ए./बी.कॉम प्रथम वर्ष की कक्षाएं
2. दिनांक 20.09.2022 एवं 26.09.2022 बी.सी.ए./बी.कॉम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की कक्षाएं

वनस्पतिशास्त्र विभाग – श्री पी.आर. राठिया, प्रयोगशाला तकनीशियन

1. दिनांक 15.09.2022 एवं 19.09.2022 बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की कक्षाएं
2. दिनांक 20.09.2022 एवं 26.09.2022 बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष की कक्षाएं

स्वशासी प्रकोष्ठ – श्री पी.के. मिंज, प्रयोगशाला तकनीशियन

1. दिनांक 15.09.2022 एवं 26.09.2022 बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की कक्षाएं

भूगोल विभाग – श्रीमती लेखा सारथी, प्रयोगशाला तकनीशियन

1. दिनांक 15.09.2022 एवं 26.09.2022 एम.ए./एम.एस–सी. की समस्त कक्षायें

नोट : (1) सभी विद्यार्थी फार्म ऑनलाइन करने के पश्चात किसी भी स्थिति में बैंक खाते को बंद न करें, बल्कि समय–समय पर उसमें लेन–देन कर खाते को जीवित रखें।

(2) सभी विद्यार्थी किसी दस्तावेजों में किसी प्रकार की ओवरराइटिंग/काट छांट न करें। पाये जाने पर उनकी छात्रवृत्ति निरस्त कर दी जावेगी।

(3) सभी विद्यार्थी आधार कार्ड एवं मोबाईल न. को अपने बैंक एकांउट से लिंक करा लेवें/लिंक होने की पुष्टि करने के उपरांत ही आवेदन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में **मोबाईल न. एवं ई.मेल आई.डी.** को न बदलें।

(4) लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जारी आय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण पत्र ही प्रयोग में लायें।

(5) सभी विद्यार्थी संलग्नक निर्धारित क्रम के अनुसार ही आवेदन फार्म में अटैच करें।

(6) बैंक एकांउट न. एवं आई.एफ.एस.सी. कोड को फार्म में सावधानी से एन्ट्री करें।

(7) लॉक करने के पूर्व एक बार अच्छी तरह मिलान कर लेवे, सही होने पर ही आवेदन को लॉक करें।

संलग्नकों की सूची (संलग्नक इस क्रम में अनिवार्य रूप से जमा करें):–

1. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट (स्वयं का फोटो चस्पा करें हस्ताक्षर न करें)
2. छात्रावासी में रहने का अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो)
3. हाई स्कूल सर्टिफिकेट की छायाप्रति
4. हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट की छायाप्रति
5. विगत वर्ष की अंकसूची की छायाप्रति (स्नातक/स्नातकोत्तर को)
6. आय प्रमाणपत्र की **मूल प्रति** (वर्तमान वित्तीय वर्ष का हो) केवल पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए, या **पाठ्यक्रम के द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के लिए आवेदक को 10 रू. के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित फार्मेट में नोटरी द्वारा शपथपत्र देना अनिवार्य होगा।**
7. स्थायी जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति/अस्थायी जाति होने पर 6 माह के अंदर का हो। 6 माह से पहले की तिथि वाले प्रमाणपत्र मान्य नहीं किये जावेगें।
8. छत्तीसगढ़ का निवास प्रमाणपत्र की छायाप्रति
9. महाविद्यालय के प्रवेश रसीद की छायाप्रति
10. बैंक खाता की छायाप्रति (बैंक खाता न. सुस्पष्ट एवं पठनीय हो)
11. आधार कार्ड की छायाप्रति
12. घोषणा पत्र (निर्धारित प्रारूप में)।

प्राचार्य के आदेशानुसार

प्रतिलिपि,

1. नोडल अधिकारी .... को सूचनार्थ।
2. श्री/श्रीमती/कु. .... को सूचनार्थ एवं पालनार्थ। आप छात्र/छात्राओं से आवेदन जमा करते समय समस्त दस्तावेजो को अनिवार्यतः जांच कर पात्र पाये जाने पर ही जमा करें। फार्म/दस्तावेज गलत पाये जाने पर विद्यार्थी को सुधार कर जमा करने हेतु निर्देशित करें। (संलग्नक का क्रम रूप से विशेष ध्यान रखा जावे) आवेदन सही पाये जाने पर फार्म में नीचे सील लगाकर हस्ताक्षर करें।
3. श्री एस.पी. मेहरा, प्रयोगशाला तकनीशियन, कार्यालय को सूचनार्थ।
4. श्री पी.के. माहाणा, डा.ए.आ. को सूचनार्थ। आवेदनों की समयावधि में ऑनलाइन करें।

प्राचार्य के आदेशानुसार